भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3440

जिसका उत्तर 12.03.2026 को दिया जाना है

तमिलनाडु में राष्ट्रीय राजमार्ग

†3440. श्री सचिदानन्दम आर.:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2014-2019, 2019-2024 और 2024-2026 अवधि के दौरान मार्च तक की तमिलनाडु में सरकार द्वारा कार्यान्वित किए गए राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) संबंधी कार्यों की कुल लंबाई कितने किलोमीटर है और इनकी अनुमानित लागत का राष्ट्रीय राजमार्ग-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान तमिलनाडु में राष्ट्रीय राजमार्गों पर कितने पथकर प्लाजा खोले गए हैं और पथकर संग्रहण का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त अवधि के दौरान तमिलनाडु में कितने टोल प्लाजा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को सौंपे गए हैं और उनकी पथकर दरें क्या हैं और इनसे कितनी वसूली की गई है; और

(घ) डिंडीगुल से कराईकुडी, डिंडीगुल से सबरीमाला और डिंडीगुल से सेम्मदाईपट्टी तक प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) तमिलनाडु राज्य में वर्ष 2014-19, 2019-24 और 2024-26 (28.02.2026 तक) की अवधि के दौरान कार्यान्वित राष्ट्रीय राजमार्ग कार्यों की लंबाई का विवरण, अनुमानित लागत, खोले गए टोल प्लाजा की संख्या, टोल संग्रहण और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को सौंपे गए टोल संग्रह के साथ टोल प्लाजा की संख्या संलग्न है।

(घ) डिंडीगुल से कराईकुडी, डिंडीगुल से सबरीमाला और डिंडीगुल से सेम्मदाईपट्टी तक राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति संलग्न है।

तमिलनाडु में राष्ट्रीय राजमार्ग के संबंध में श्री सचिदानन्दम आर द्वारा 12.03.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3440 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

वर्ष	**कार्यान्वित राष्ट्रीय राजमार्ग कार्य की लंबाई (किमी)**	**लागत मूल्य (करोड़ रूपये)**	**खोले गए टोल प्लाजा की संख्या**	**टोल संग्रहण (करोड़ रुपए)**	**एनएचएआई को सौंपे गए टोल प्लाजा की संख्या**	**टोल दर (₹)**	**टोल प्लाजा का टोल संग्रह एनएचएआई को सौंपा गया (₹ करोड़)**
2014-19	818.35	12196.78	10	2401.59	-	प्रत्येक श्रेणी के वाहन के लिए प्रयोक्ता शुल्क दरें राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों का संग्रहण और निर्धारण) नियम, 2008 के अनुसार होंगी	-
2019-24	1537.06	29222.26	20	937.69	5		143.19
2024-26	442.65	13717.40	18	421.19	5		103.55
कुल	2798.06	55136.44	48	3760.47	10		246.74

तमिलनाडु में राष्ट्रीय राजमार्ग के संबंध में श्री सचिदानन्दम आर द्वारा 12.03.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3440 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

क्र. सं.	संख्या	खंड का नाम	वर्तमान स्थिति
1	एनएच-383 और एनएच-338	डिंडीगुल से कराईकुडी	एनएच-383 के डिंडीगुल (किमी.0.00) से नाथम (किमी. 38.00) तक ओवरले का काम चल रहा है, जिसे नवंबर 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। एनएच-383 के नाथम (किमी.38 + 00) से तिरुपथुर (किमी. 84 + 00) तक का खंड रखरखाव के अधीन है। एनएच-338 के तिरुपथुर-कराईकुडी खंड को 4 लेन तक चौड़ा करने का काम चल रहा है और जुलाई 2026 तक पूरा हो जाएगा।
2	एनएच-183	डिंडीगुल से सबरीमाला खंड	डिडिगल से प्लेपल्ले खंड की डीपीआर तैयार की जा रही है। प्लेपल्ले से पुम्बा (सबरीमलाई के पास) तक का खंड एक राज्य राजमार्ग है और इसका रखरखाव राज्य सरकार द्वारा किया जाता है।
3	एनएच-83	डिंडीगुल से सेम्मदाईपट्टी	एनएच-83 के डिंडीगुल से सेम्मदाईपट्टी खंड को 4 लेन तक चौड़ा किया गया है और इसका रखरखाव किया जा रहा है

*****